26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 9 मार्च, 2026

अंक- 134 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

### अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई बने ईरान के नये सर्वोच्च नेता

अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। वह अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का स्थान लेंगे, जो 28 फरवरी को इजरायल-अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे।

## संसद में जयशंकर बोले

# संवाद और कूटनीति जरूरी

### पश्चिम एशिया संकट

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों और ऊर्जा संकट पर राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया के हालात पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव को लेकर काफी गंभीर है। भारत ने 20 फरवरी को ही एक बयान जारी कर अपनी चिंता जाहिर कर सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की थी। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार नये घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहे हैं। संबंधित मंत्रालय आपस में तालमेल बिठाकर काम कर रहे हैं ताकि सही कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि यह विवाद भारत के लिए बड़ी चिंता की बात है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं। ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और कर्मचारी मौजूद हैं। यह इलाका भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यहां तेल और गैस के मुख्य सप्लायर हैं। सप्लाई चेन में रुकावट आना एक गंभीर मुद्दा है। जयशंकर ने कहा यह विवाद लगातार बढ़ रहा है जिससे इलाके की सुरक्षा की स्थिति खराब हो गई है। इसका असर आम जिंदगी और कामकाज पर पड़ रहा है। इस संकट में भारत ने अपने दो नाविकों को खो दिया है और एक नाविक अभी भी लापता है।

भारतीयों की सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास छात्रों को सुरक्षित जगहों पर भेजने में मदद कर रहा है। ईरान में मौजूद व्यापारियों को आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटने में सहायता दी गई है। तेहरान में भारतीय



दूतावास पूरी तरह सक्रिय और हाई अलर्ट पर है। अब तक लगभग 67,000 भारतीय नागरिक वापस लौटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चुके हैं। सरकार अपने लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश कर रही है।

### ईरान ने जताया आभार

**विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल ईरान के बड़े नेताओं से संपर्क करना मुश्किल है। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्री ने भारत का शुक्रिया अदा किया है। भारत ने मानवीय आधार पर ईरानी युद्धपोत लवन को कोच्चि पोर्ट पर रुकने की इजाजत दी थी, जिसके लिए ईरान ने आभार जताया है।**

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें


Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
(श्याम बाबा) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# चंद्रवाहिनी की सफलता से गदगद है ऑक्सफोर्ड परिवार



चंद्रवाहिनी चौधरी को सम्मानित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो एवं विद्यालय की एमडी लीना सिंघल आदि।

## समारोह आयोजित कर सम्मानित किया

**नहटौर ( चिंगारी )**। ऑक्सफोर्ड स्कूल की पूर्व छात्रा चंद्रवाहिनी चौधरी ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा में 662वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय प्रांगण में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें गणमान्य अतिथियों ने चंद्रवाहिनी को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य (MLC) हरि सिंह ढिल्लो, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र चौधरी, झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी और ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने चंद्रवाहिनी को प्रतीक चिह्न भेंट कर और मिठाई खिलाकर उनकी मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर एमएलसी  ढिल्लो ने कहा कि चंद्रवाहिनी की सफलता यह सिद्ध करती है। कि यदि लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची, तो ग्रामीण परिवेश या छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी देश के सर्वोच्च शिखर तक पहुंच सकती हैं। चंद्रवाहिनी ने जनपद का गौरव बढ़ाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र चौधरी ने कहा कि ऑक्सफोर्ड स्कूल के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है। विद्यालय की छात्रा ने आज देश की सबसे कठिन परीक्षा पास की है, जिससे यह स्पष्ट है कि यहां शिक्षा की नींव कितनी मजबूत है। झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। चंद्रवाहिनी की यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर और धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल ने चंद्रवाहिनी की उपलब्धि को विद्यालय के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय बताया। हमें गर्व है कि वह हमारे संस्थान का हिस्सा रही हैं। चंद्रवाहिनी चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। बता दें कि चंद्रवाहिनी ने अपनी इंटरमीडिएट तक की शिक्षा ऑक्सफोर्ड स्कूल से ही पूरी की थी। वह न केवल नगर की टॉपर रही थीं, बल्कि इंटरमीडिएट परीक्षा में उन्होंने जिले में चौथा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। इस अवसर पर स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह, रंजन त्यागी, हिमांशु पाराशर, राकेश अग्रवाल, कपिल शर्मा, अरुण चौधरी, राजेश जैन, शोभित त्यागी, विद्यालय स्टाफ विनीत कुमार, महबूब आलम, मोनोजित विश्वास, अमित कुमार, अनिल शर्मा, वीर राजपूत, नवाब अहमद, फरजाना खातून, चित्रा कौशल, चारु सिंह अंत में विद्यालय अध्यक्ष आशीष सिंघल ओर प्रधानाचार्य इदरीश अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# चंद्रवाहिनी को बधाई देने वालों का तांता लगा
# सांसद चंद्रशेखर व ब्लॉक प्रमुख भी पहुंचे गांव


चंद्रवाहिनी को सम्मानित करते हुए सांसद चंद्रशेखर।

**हल्दौर ( चिंगारी )**। नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ग्राम नांगल जट पहुंचकर यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाली गांव की बेटी चंद्रवाहिनी चौधरी को बुके देकर और मुंह मीठा कराकर बधाई दी।

रविवार को क्षेत्रीय सांसद चंद्रशेखर आजाद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम नांगल जट स्थित चंद्रवाहिनी चौधरी के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने चंद्रवाहिनी चौधरी व उनके परिजनों से भेंट की और इस बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर चंद्रवाहिनी चौधरी को बुके देकर व मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने चंद्रवाहिनी चौधरी के परिजनों को भी इस गौरवपूर्ण सफलता के लिए बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि चंद्रवाहिनी चौधरी की यह सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है, हमें उनकी उपलब्धि पर गर्व है। इस अवसर पर चंद्रवाहिनी चौधरी के दादा जी चौ.लाखन सिंह, दादी जी श्रीमती बाला देवी, पिता अरुण कुमार, माता पूनम चौधरी, वरुण कुमार, चौ.हुकुम सिंह, मा.पदम सिंह, विपुल चौधरी, जितेंद्र सिंह राणा, सोधीराम सैनी, बिट्टू चौधरी, मनोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

उधर, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर चौ.विजेन्द्र सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली क्षेत्र की होनहार बेटी चंद्रवाहिनी चौधरी के घर पहुंचकर उनको बधाई व अपना आशीर्वाद दिया। क्षेत्र के ग्राम नांगल जट निवासी अरुण कुमार की होनहार बेटी चंद्रवाहिनी चौधरी के द्वारा यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर क्षेत्रवासी गदगद हैं। क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने वाली चंद्रवाहिनी चौधरी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रविवार को ब्लॉक प्रमुख हल्दौर चौ. विजेंद्र सिंह ने ग्राम नांगल जट चंद्रवाहिनी चौधरी के आवास पर पहुंचकर उनको बुके देकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर चौ.विजेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र की होनहार बेटी चंद्रवाहिनी चौधरी ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों ही नहीं बल्कि सभी क्षेत्रवासियों का नाम ऊंचा किया है। चंद्रवाहिनी को एक अच्छे माहौल में अच्छी और उच्च शिक्षा दिलाने पर उनके परिवार वाले भी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर अरुण कुमार, पूनम चौधरी, प्रीतम सिंह प्रधान, मनोज चौधरी, परमेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।


चंद्रवाहिनी को आशीर्वाद देते हुए ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह।



टीम इंडिया ने रचा इतिहास
( पेज 11 )



# बेटी की डोली से पहले पिता की अर्थी उठी


प्रदीप कौशिक उर्फ दीपू का फाइल फोटो।

चंदक ( चिंगारी )। एक घर जहां बेटी की शादी की तैयारी चल रही थी। विवाह के मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां देखते ही देखते मातम पसर गया। घर से बेटी की डोली उठने से एक दिन पहले पिता की अर्थी उठी तो हर आंख नम हो गई।

बालावाली उर्फ जहानाबाद निवासी प्रदीप कौशिक उर्फ दीपू की पुत्री मानसी की शादी क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी अशोक शर्मा के पुत्र सुधांशु से तय हुई थी। विवाह समारोह आज सोमवार 9 मार्च को चंदक के बैंकट हॉल में होना था।

## शादी की खुशियां मातम में बदलीं

प्रदीप कौशिक महीनों से बेटी की शादी की तैयारियों में लगे हुए थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था, वह अपनी बेटी को विदा न कर सके। पारिवारिक लोगों के मुताबिक शनिवार की शाम उन्हें हार्ट अटैक आया। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। रविवार को बालावाली गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। दीपू मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उनकी मौत के बाद आज बैंकट हॉल में होने वाला विवाह समारोह का कार्यक्रम रदद कर दिया गया। विवाह परिवार के लोगों के बीच सम्पन्न कराया जाएगा।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद

वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर
उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 9 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:09, शिया-5:02

# गरिमा सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में पायी 240 वीं रैंक




बिजनौर ( चिंगारी )। वैदिक विहार बिजनौर के मूल निवासी रामअवतार एडवोकेट व श्रीमती मनोज कुमारी की होनहार पुत्री गरिमा सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में 240वीं रैंक प्राप्त अपने परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में रामअवतार परिवार सहित मुरादाबाद में रहते हैं। भांजी की इस सफलता पर मामा यतेन्द्र देवरा एडवोकेट के परिवार में भी खुशी का माहौल है। गरिमा सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता सहित समस्त परिवार व अपने गुरुजनों को दिया है। उनका कहना है कि गहन अध्ययन और एकाग्रता से कोई भी परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती है। गरिमा सिंह की इस उपलब्धि पर क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मिट्टी के अवैध खनन से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी गईं

धामपुर ( चिंगारी )। धामपुर क्षेत्र में खनन माफियाओं द्वारा बिना अनुमति के दिनदहाड़े मिट्टी का अवैध खनन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आज प्रात: सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से मिट्टी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ लीं और उन्हें कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि खनन माफिया बिना परमिशन के खुलेआम दिन में ही मिट्टी का अवैध खनन कर सरकार के राजस्व को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे थे।



यह पूरा मामला स्योहारा मार्ग स्थित सड़कड़ा चकराजमल की पोषक नहर का बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले की जांच जारी है और जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.



कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे**
**या बुरी...**

## गांवों को आज भी विकास की दरकार

आज जिस प्रकार शहरीकरण की गति तेज हो रही है, गांवों का शहरीकरण बढ़ रहा है तथा ग्रामीण जनता को शहरी अत्याधुनिक सुविधायें देने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है, उसे देखते हुए ग्रामीण विकास तथा उसमें ग्रामीण स्वशासी संस्थाओं की भूमिका पर पुन: विचार करने की आवश्यकता भी सामने आ रही है। हालांकि आजादी के बाद से ही पंचायती राज संस्थाओं में विकास के अनेक सुझाव आये व उनके आधार पर कुछ कार्रवाई भी हुई, पर इस दिशा में 73वें संविधान संशोधन ने सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 73वें संविधान संशोधन में बड़े राज्यों के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था निर्धारित की गई थी जिसमें जिला पंचायतें, ब्लाक पंचायतें और ग्राम पंचायतें शामिल थीं जबकि छोटे राज्य मध्यवर्ती स्तर, यानी ब्लाक पंचायत के बिना भी काम चला सकते थे। एक अनुमान के अनुसार, भारत में वर्तमान समय में 5.8 लाख गांव, 2.4 लाख ग्राम पंचायतें, 6000 से अधिक ब्लाक पंचायतें और 500 से अधिक जिला पंचायतें हैं। 73वें संविधान संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को 29 विषय हस्तांरित करना अनिवार्य किया था जिनमें कृषि, भूमि सुधार, लघु सिंचाई, मत्स्य पालन, कुटीर एवं लघु उद्यम, ग्रामीण संचार, पेयजल, गरीबी उन्मूलन आदि शामिल थे। इसके साथ ही उसने हर पांच साल पर राज्य वित्त आयोग का गठन कर पंचायतों का वित्तीय हिस्सा उसी प्रकार देने को कहा था जैसा राज्यों और केन्द्र सरकार के बीच होता है। यद्यपि इस संविधान संशोधन के अनुसार अनेक कदम उठाये गये हैं, पर ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि उन्हें पूरी भावना के साथ लागू किया गया है। निहित स्वार्थी राजनेताओं द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को दोयम दर्जे में बनाये रखने के प्रयास भी लगातार जारी रहे हैं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं व अन्य वंचित वर्गों के आरक्षण तथा अनेक अन्य उपायों के कारण स्थिति बेहतर हुई है तथा आज उनके पास केन्द्र व राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के चलते आने वाले वित्तीय संसाधनों की स्थिति भी बेहतर हुई है, पर यह नहीं है कि गांवों में आम जनता की पंचायती राज संस्थाओं में सहभागिता पूरी तरह सुधरी है।

# आधी आबादी और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद




परवेज़ आदिल माही

इतिहास के पन्नों पर जब भी भारतीय पुनर्जागरण और राष्ट्र निर्माण की चर्चा होती है, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का नाम एक ऐसे प्रकाश-स्तंभ के रूप में उभरता है, जिन्होंने न केवल राजनीति, बल्कि समाज के नैतिक ढांचे को प्रभावित किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, यह विश्लेषण आवश्यक है कि 'इमाम-उल-हिंद' के नाम से विख्यात इस मनीषी ने महिलाओं की सामाजिक स्थिति और उनके अधिकारों को किस सूक्ष्म दृष्टि से देखा था।

1947 में मिली स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय समाज विरोधाभासों के एक जटिल भंवर में फंसा था। एक ओर राष्ट्र अपनी मुक्ति के लिए छटपटा रहा था, तो दूसरी ओर समाज का आधा हिस्सा (महिलाएं) आंतरिक गुलामी का शिकार थीं।

औपनिवेशिक काल में महिलाओं की स्थिति 'दोहरी दासता' जैसी थी। वे एक ओर विदेशी हुकूमत के अधीन थीं, तो दूसरी ओर कट्टरपंथी सामाजिक मान्यताओं की बेड़ियों में जकड़ी हुई थीं। सती प्रथा के अवशेष, बाल-विवाह की विभीषिका और विधवाओं का तिरस्कृत जीवन उस दौर की कड़वी सच्चाई थी। उत्तर भारत के मध्यवर्गीय समाज में 'पर्दा प्रथा' ने महिलाओं के सार्वजनिक जीवन और बौद्धिक विकास के द्वारों पर ताले जड़ दिये थे। 1920 के दशक तक महिला साक्षरता की दर मात्र 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत के बीच झूल रही थी। मौलाना आजाद ने प्रचलित रूढ़ियों को तीन स्तरों पर चुनौती दी-



**कोई भी व्यवस्था जो महिलाओं को पुरुषों से पीछे रखती है, वह अंतत: पूरे समाज को पंगु बना देती है। माता का शिक्षित होना केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सुरक्षित राष्ट्र की नींव है।**

**1. धर्मशास्त्रीय व्याख्या और समानता-**
मौलाना ने अपनी कालजयी कृति 'तरजुमान-उल-कुरान' में स्पष्ट किया कि आध्यात्मिक और नैतिक धरातल पर स्त्री और पुरुष के बीच कोई भेद नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि ईश्वर ने दोनों को बुद्धि और विवेक दिया है, तो समाज को उन्हें अलग-अलग खानों में बांटने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने 'पर्दा' के उन रूपों का विरोध किया जो महिलाओं को कैद करने का साधन बन गए थे।

**2. शिक्षा-**
आज़ाद का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि 'पूर्ण मनुष्य' का निर्माण है। उन्होंने 1947 के बाद शिक्षा मंत्रालय की कमान संभालते ही 'समान शैक्षिक अवसर' की वकालत की।

**3. राजनीतिक चेतना और सहभागिता -**
खिलाफत आंदोलन और सत्याग्रहों के दौरान मौलाना ने महिलाओं को घरों से निकलकर आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में खड़े होने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि जब तक महिलाएं राजनीतिक रूप से जागरूक नहीं होंगी, भारत की स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं होगा।

यद्यपि खड़गपुर में पहले IIT की स्थापना (1951) तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए थी, लेकिन मौलाना ने अपने भाषणों में बार-बार इस बात पर ज़ोर दिया कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र केवल पुरुषों के लिए आरक्षित नहीं होने चाहिए। उन्होंने महिलाओं को वैज्ञानिक अनुसंधान की ओर प्रेरित करने के लिए काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (CSIR) के ढांचे को सुदृढ़ किया।

1949 में केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (CABE) की बैठक में मौलाना ने कहा था-

'इतिहास गवाह है कि जिन सभ्यताओं ने अपनी महिलाओं को अंधकार में रखा, वे समय के साथ स्वयं अंधकार में विलीन हो गईं। भारत की नियति इस बात पर निर्भर करती है कि हम अपनी बेटियों को कितनी मजबूती से क़लम पकड़ना सिखाते हैं।'

1947 से पूर्व की बेड़ियों से लेकर आधुनिक भारत की स्वतंत्र चेतना तक का सफर मौलाना आज़ाद की दूरदर्शिता के बिना अधूरा होता। उन्होंने महिलाओं को केवल 'सहनशीलता की प्रतिमूर्ति' के रूप में नहीं, बल्कि 'बौद्धिक नेतृत्व' के रूप में स्थापित करने की नींव रखी। आज की शिक्षित और आत्मनिर्भर भारतीय नारी वास्तव में मौलाना के उसी स्वप्न का साकार रूप है।

2026 के इस दौर में, जब हम महिला नेतृत्व की बात करते हैं, तो मौलाना आज़ाद का यह विज़न कि 'लोकतंत्र की सफलता शिक्षित माताओं की कोख से जन्म लेती है', एक मार्गदर्शक सिद्धांत प्रतीत होता है। उन्होंने महिलाओं को दया का पात्र नहीं, बल्कि शक्ति और ज्ञान का स्रोत माना।

मौलाना आज़ाद की दृष्टि में महिलाओं का स्थान घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं था, बल्कि वह राष्ट्र के बौद्धिक और नैतिक उत्थान की धुरी थीं। आज का भारत उनकी उस समावेशी सोच का ऋणी है, जिसने समाज के बंद दरवाजों को खोलकर महिलाओं को आसमान छूने का साहस दिया।

1947 में जब मौलाना ने शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला, तब देश की साक्षरता दर दयनीय थी और महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा के द्वार लगभग बंद थे। उनके प्रयासों से जो संरचनात्मक परिवर्तन हुए, उनमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( UGC ) आदि प्रमुख है। 1953 में मौलाना आज़ाद ने GC की नींव रखी। उनका स्पष्ट निर्देश था कि विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए विशेष स्कॉलरशिप और छात्रावास की व्यवस्था की जाए। उन्होंने तर्क दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों की मेधावी लड़कियां केवल आवास की कमी के कारण शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। महिला शिक्षा की समस्याओं को गहराई से समझने के लिए विशेष समितियों का गठन किया गया।

कन्या शिक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद (NCWIE) का गठन ऐसी ही एक उपलब्धी है। उनके विज़न का ही परिणाम था कि प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने की दिशा में कदम उठाए गए, जिसका सीधा लाभ उन लड़कियों को मिला जिन्हें 'घरेलू काम' के नाम पर स्कूल नहीं भेजा जाता था।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को डीएम ने किया सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विकास भवन परिसर में रविवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला पूरे परिवार को शिक्षित करती है। इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, खेल व समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और बीसी सखी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को लैपटॉप तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को ट्रैक सूट वितरित किए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# 200 महिलाओं को शुगर जांच मशीनें बांटीं



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति संगठन की ओर से रविवार को दयानंद इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से 200 से अधिक महिलाओं को नि:शुल्क शुगर जांच मशीनें वितरित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन की जिलाध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि आज के समय में बदलती जीवनशैली के कारण महिलाओं के साथ पुरुषों में भी शुगर, ब्लड प्रेशर और अन्य बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। कार्यक्रम में संगठन की महामंत्री शिवानी चौहान, उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, मंत्री निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, संतोष, रिंकी मसीह, पूनम शर्मा, मंत्री करुणा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता, भारती सिंह, रश्मि तोमर, नीलम चौधरी, शिखा अग्रवाल, अंशु विश्नोई, सुनीता शर्मा, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी माही मसीह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।



सभी क्षेत्रवासियों को मुक़द्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 9 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:09, शिया-5:02


# कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला डॉक्टर घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** रविवार की शाम शिव मंदिर सैनी धर्मशाला के पास एक कार चालक ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी पर सवार डॉ. महक अग्रवाल घायल हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करा दी गई है।

जानकारी के अनुसार बड़ी मंडी निवासी धामपुर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल धनोरिया की पुत्री डॉक्टर महक अग्रवाल कालागढ़ मार्ग स्थित पोशवाल हॉस्पिटल में सर्विस करती हैं। कल शाम 5 बजे वह ड्यूटी पूरी होने के बाद स्कूटी से जब अपने बड़ी मंडी स्थित आवास पर लौट रही थीं, तो कालागढ़ मार्ग स्थित शिव मंदिर सैनी धर्मशाला के पास एक कार ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे डॉक्टर महक अग्रवाल सड़क पर गिर गई और उनके दाएं हाथ व मुंह पर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने उन्हें उठाया और परिजनों को सूचित किया। इस दौरान कार चालक वहां से फरार हो गया, घटना की सूचना पाकर मनोज अग्रवाल धनोरिया, विपुल जैन व अन्य व्यापारी मौके पर पहुंचे और घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह का कहना है कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर पता लगाया जाएगा की कार कहां की है।

# 'सदियों में पैदा होते हैं निश्तर ख़ानक़ाही जैसे शायर'



**बिजनौर ( चिंगारी )। मशहूर शायर, साहित्यकार एवं पत्रकार निश्तर ख़ानक़ाही को उनकी 20वीं पुण्यतिथि पर बड़ी शिद्दत के साथ याद किया गया। वक्ताओं ने कहा निश्तर ख़ानक़ाही जैसे शायर सदियों में पैदा होते हैं।**

## 20वीं पुण्यतिथि पर पेश की ख़िराजे अक़ीदत

बिजनौर टाइम्स समूह के प्रधान संपादक एवं प्रेस कॉंसिल ऑफ इण्डिया के पूर्व सदस्य चन्द्रमणि रघुवंशी की अध्यक्षता एवं धामपुर बायो ऑर्गेनिक शुगर मिल्स के निदेशक संदीप शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित एक सादे समारोह में स्व. निश्तर ख़ानक़ाही की शायरी, साहित्य और सहाफत पर चर्चा की गयी।

मुख्य वक्ता के रूप में बुजुर्ग शायर एवं साहित्यकार शकील बिजनौरी ने अनेक संस्मरणों के माध्यम से निश्तर ख़ानक़ाही को याद करते हुए उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने निश्तर ख़ानक़ाही को बिजनौर जनपद का गौरव बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रसिद्ध बाल कवि एवं साहित्यकार डॉ. अजय जनमेजय ने दोटूक कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें निश्तर ख़ानक़ाही के चरणों में बैठकर बहुत कुछ सीखने को मिला। शायर आरिफ गांधी ने निश्तर ख़ानक़ाही की शायरी के विभिन्न आयामों की चर्चा की। शायर एवं वरिष्ठ सहाफी मरग़ूब रहमानी ने अपने अशआर के माध्यम से निश्तर ख़ानक़ाही को याद किया।

शिक्षक एवं शायर अमीर नहटौरी ने संचालन करते हुए निश्तर ख़ानक़ाही को उच्च कोटि का शायर बताया। निश्तर ख़ानक़ाही के पुत्र फैजियाब निश्तर ने अपने पिता की ग़ज़लों के अनेक अश्आर गुनगुनाये। सूर्यमणि रघुवंशी ने निश्तर ख़ानक़ाही को संवेदनशील शायर और दूरदृष्टा बताया। सामाजिक कार्यकर्ता नीरज चौधरी ने निश्तर ख़ानक़ाही और बाबू सिंह चौहान की दोस्ती का हवाला देते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रीमती विनीता रघुवंशी एवं प्रो. शशिप्रभा ने निश्तर ख़ानक़ाही के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। समाजसेवी शमीम मामा एवं मौ.इस्लाम ने भी निश्तर साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मशहूर सहाफी स्व. सैयद असद रजा को भी ख़िराजे अक़ीदत पेश की गयी।

# वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट की मांग स्वीकार
## सांसद चन्द्रशेखर ने रेल मंत्री का जताया आभार

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे यात्रा किराये में रियायत और विशेष सुविधाएं पुन: बहाल करने की मांग को सरकार द्वारा स्वीकार किये जाने पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। सांसद ने कहा कि यह निर्णय देश के करोड़ों बुजुर्गों के सम्मान और सुविधा से जुड़ा हुआ है, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

सांसद ने बताया कि उन्होंने पूर्व में रेल मंत्री को पत्र लिखकर कोरोना काल में बंद की गई वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा रियायत को दोबारा लागू करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के पुन: लागू होने से बुजुर्गों को यात्रा में आर्थिक राहत मिलेगी और उन्हें धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्थलों की यात्रा करने में भी सहूलियत प्राप्त होगी। सांसद ने कहा कि यह फैसला बताता है कि जब जनहित से जुड़े मुद्दे मजबूती के साथ सरकार के सामने रखे जाते हैं, तो सरकार को उन पर सकारात्मक निर्णय लेना पड़ता है।


लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते सांसद चंद्रशेखर आजाद।

इस दौरान सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कहा कि अमेरिका भारत का सच्चा मित्र नहीं हो सकता, क्योंकि सच्चा दोस्त आंखें नहीं दिखाता। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत को अपनी विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने चाहिए।

धामपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सांसद ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 09 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:09, शिया-5:02





# रानी फूल कुमारी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया हरेवली बैराज का भ्रमण

**धामपुर ( चिंगारी )।** रानी फूल कुमारी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रकृति के बीच एक यादगार दिन बिताया। स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण के तहत बच्चों को हरेवली बैराज ले जाया गया, जहां उन्होंने विदेशी मेहमानों (प्रवासी पक्षियों) को बेहद करीब से देखा। बैराज पर जमा पानी और शांत वातावरण के बीच साइबेरिया और अन्य ठंडे देशों से आए रंग-बिरंगे पक्षियों को देखकर बच्चे खुशी से चहक उठे। शिक्षकों ने इस दौरान बच्चों को विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों, उनके खान-पान और उनके प्रवास (Migration) के चक्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने दूरबीन के जरिए पानी में अठखेलियां करते पक्षियों को देखा। बच्चों को बताया गया कि ये पक्षी हमारे ईकोसिस्टम के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं और इन्हें बचाना हमारा कर्तव्य है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस तरह के भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें स्थानीय जैव-विविधता से परिचित कराना है। इस दौरान वन दरोगा सतवीर यादव, विनीत चौधरी आदि का विशेष सहयोग मिला। बच्चों को हरेवली बैराज तक लाने- लेजाने के लिए अनिल गोयल का आभार व्यक्त किया गया।

# मैच देखने अहमदाबाद पहुंचे

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुजरात के अहमदाबाद में स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कल भारत और न्यूजीलैंड की टीम के बीच टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हुए फाइनल मैच को देखने के लिए धामपुर से सास-बहू, मुंबई में रहने वाली अपनी पुत्री के साथ स्टेडियम में मैच देखने के लिए पहुंचे। धामपुर के मोहल्ला खातियान निवासी सुधीर अग्रवाल सर्राफ की पत्नी श्रीमती वंदना अग्रवाल, अपनी पुत्रवधू हिमानी अग्रवाल के साथ 7 मार्च को अहमदाबाद टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच देखने के लिए पहुंचीं। उनके पुत्र मानस अग्रवाल ने बताया कि हमारी बहन अंकिता अग्रवाल मुंबई में रहती हैं, जहां से वह और उनके पति शिवांग गोयल भी फाइनल मैच देखने के लिए मुंबई से अहमदाबाद पहुंच गए थे। इसके बाद कल 8 मार्च को हुए फाइनल रोमांचक मुकाबले का उन्होंने स्टेडियम में बैठकर लुत्फ उठाया।


अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाहर धामपुर से पहुंचे परिजन।



सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा

रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 09 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:09, शिया-5:02


# रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

## प्रथम दिन स्वयं सेविकाओं ने नौरंगाबाद में निकाली रैली



**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय एसबीडी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में किया गया। शिविर के प्रथम दिवस शिविर स्थल पर पहुंचकर स्वयंसेविकाओं द्वारा परिसर की साफ-सफाई की गई और साथ लाये आवश्यक सामान को व्यवस्थित रूप से रखा गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती रेणु गोयल द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा, अनुशासन तथा नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में शिक्षिका श्रीमती प्रियंका जैन द्वारा स्वयंसेविकाओं को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास तथा ध्यान (मेडिटेशन) भी करवाया गया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन एकाग्र और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की रूपरेखा एवं शिविर की गतिविधियों के बारे में स्वयंसेविकाओं को जानकारी दी गई। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती रेणु गोयल द्वारा स्वयंसेविकाओं की रैली को पंचायत घर नौरंगाबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली ग्राम के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनू शर्मा द्वारा व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व विकास, आत्मविश्वास तथा संचार कौशल विषय पर विचार-विमर्श किया गया। शिविर में स्वयंसेविका अनुष्का, प्राची, प्रांचल, अंजलि, सेजल, अल्फ़ी और संध्याकुमारी ने शिविर गतिविधियों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। शिविर के सफल संचालन में श्री मनोज, श्री रोहित एवं श्री मती संतोष का सराहनीय योगदान रहा।

# दहेज हत्या के आरोप में पति व ससुर गिरफ्तार

## दुल्हैंडी के दिन फंदे से लटका मिला था विवाहिता का शव



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** दुल्हैंडी के दिन थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की फंदे से लटकने के कारण हुई मृत्यु की घटना में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

दुल्हैंडी के दिन थाना क्षेत्र के गांव शाहअलीपुर कोटरा में अमित कुमार की पत्नी वंशिका (22 वर्ष) का शव घर में फंदे से लटका हुआ मिला था। सूचना पर पहुंची बढ़ापुर पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस घटना में मृतका के पिता सुशील पुत्र सुलेख निवासी ग्राम पाड़ली थाना किरतपुर ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री का विवाह 28 मार्च 2025 को अमित कुमार पुत्र विजेंद्र के साथ हुआ था, तभी से उसकी ससुराल में दहेज की मांग के लिए उसे प्रताड़ित किया जाता था। गत 4 मार्च को अमित कुमार व उसके परिजनों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 85/ 115 (2)/80 (2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त अमित कुमार व उसके पिता विजेंद्र सिंह को हत्या में प्रयुक्त रस्सी व दरांती के साथ गिरफ्तार कर दोनों का चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 9 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:09, शिया-5:02

# महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की

## ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को सम्मानित किया



ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को सम्मानित करते हुए महिलाएं

**नूरपुर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास खण्ड नूरपुर में मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर की गरिमामयी उपस्थिति में महिलाओं के लिये खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विकास खण्ड नूरपुर की समूह की महिलाओं द्वारा मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा डा. दिनेशपाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात समूह की महिलाओं ने म्यूजिकल चेयर, शेर-बकरी, खो-खो आदि खेलों का प्रदर्शन किया, जिसमें आकांक्षा चौहान, सोनम तथा सोनिका विजयी रही। कार्यस्थल पर असमानता, हिंसा और शिक्षा की कमी जैसे मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करता है और समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मान देता है। इस अवसर पर कार्यक्रम को सलीम अहमद सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास द्वारा व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सलीम अहमद सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास, रेखा रानी, नीरज कुमार ग्राम पंचायत सचिव, डोली चौहान कम्प्यूटर ऑपरेटर, सीमा, बबीता, सुनीता, स्वाति, बाला देवी, मनोज देवी, चेष्टा देवी, प्रियंका, ज्योति आदि सीएलएफ स्टाफ, संगीता, बबीता, पूनम, छोटन, मुनेश आदि एनआरएलएम स्टाफ मौजूद रहे।



# बिजनौर में बचपन प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में रामलीला ग्राउंड के पास चांदपुर रोड पर रविवार को बचपन प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ निजामतपुरा आश्रम के गुरु जी, मुख्य अतिथि विवेक विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल, सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी एवं पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप जलाकर किया। इस अवसर पर बताया गया कि देश भर में बचपन प्ले स्कूल की 1200 ब्रांच हैं। स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है।

चौ. धीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का विकास संभव नहीं है। मुख्य अतिथि अमित गोयल ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों में अच्छे संस्कारों का होना आवश्यक है, ताकि वे जीवन में सफलता के साथ अच्छे नागरिक बन सकें।

# छत के जाल से गिरकर महिला की दर्दनाक मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** रविवार की दोपहर छत के जाल से आंगन में गिरकर घायल हुई वृद्धा की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय मुहल्ला कायस्थान निवासी 68 वर्षीय आलिया खातून पत्नी शफीक अहमद रविवार दोपहर अपने मकान की छत में लगा लोहे का जाल खोलकर उसकी सफाई कर रही थी। इस दौरान वह जाल से निकलकर आंगन में फर्श पर आ गिरी, जिससे उनके सिर में गम्भीर चोट लगी। वृद्धा की चीख-पुकार सुनकर आए परिजन उन्हें तत्काल उपचार हेतु धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टर ने आलिया खातून को मृत घोषित कर दिया। वृद्धा को बाद नमाज़ ए असर गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# महिला दिवस पर पुलिस लाइन में चिकित्सा शिविर आयोजित

## वामा सारथी के तत्वावधान में महिलाओं व बालिकाओं को दिया गया स्वास्थ्य परामर्श



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, बिजनौर में वामा सारथी उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में नि:शुल्क बैलेंस्ड होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन तथा वामा सारथी अध्यक्ष श्रीमती रिया झा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

शिविर में बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव, संक्रमण से सुरक्षा और तत्काल उपचार के बारे में जानकारी दी गई। जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में पुलिस लाइन्स की आवासीय कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया।

शिविर में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों सहित कुल 304 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में एएसपी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार, उपनिरीक्षक आकाश तोमर, उपनिरीक्षक मुस्तफीज अली, डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. श्वेता कुशवाहा, फार्मासिस्ट विकास कुमार, श्रीमती प्राची सिंह, महिला मुख्य आरक्षी स्नेहा राठौड़ सहित वामा सारथी की वालंटियर्स मौजूद रहे।

# भारत ने इतिहास बदलकर नया अध्याय लिखा

## न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार जीता टी-20 विश्वकप का ख़िताब

## हम चैंपियन थे, चैंपियन हैं...



**अहमदाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** संजू सैमसन (89), इशान किशन (54) और अभिषेक शर्मा (52) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों के बाद जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) और अक्षर पटेल (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। भारत लगातार दूसरी बार टी-20 विश्वकप खिताब जीतने वाली टीम बन गई है। 256 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड पर बड़े स्कोर का दबाव दिखाई देने लगा।

तीसरे ओवर में अक्षर पटेल ने फिन ऐलन (नौ) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने रचिन रवींद्र (एक) का शिकार कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। पांचवें ओवर में अक्षर ने ग्लेन फिलिप्स (पांच) को बोल्ड कर दिया। आठवें ओवर में हार्दिक पंड्या ने मार्क चैपमैन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।

इस दौरान एक छोर थामे विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे टिम साइफर्ट को वरूण चक्रवर्ती ने आउट कर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। टिम साइफर्ट ने 26 गेंदों दो चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 52 रनों की पारी खेली।

13वें ओवर में अक्षर पटेल ने डैरिल मिचेल (17) को आउट कर अपना तीसरा विकेट झटका। डैरिल मिचेल ने अपनी पारी में 11 गेंदों का सामना किया और दो छक्के लगाये। 17वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने जिमी निशम (आठ) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसी ओवर की अगली गेंद पर बुमराह ने मैट हेनरी (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने मिचेल सैंटनर को बोल्ड कर भारत की झोली में नौवां विकेट डाल दिया। सैंटनर ने 35 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 43 रन बनाये।

19वें अभिषेक शर्मा ने जैकब डफी (तीन) को आउटकर 159 रन पर न्यूजीलैंड की पारी का अंत कर दिया। इसी साथ भारत ने 96 रनों से मुकाबला और टॉफी अपने नाम कर ली।

भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिये। अक्षर पटेल को तीन विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पंड्या और अभिषेक शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इस मैच में चार विकेट लेने के साथ जसप्रीत बुमराह टी-20 विश्वकप में सबसे अधिक 40 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत के लिए अभिषेक शर्मा और संजूसैम तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 7.1 ओवर में 98 रन जोड़े। आठवें ओवर की पहली गेंद पर रचिन रवींद्र ने अभिषेक शर्मा को विकेट के पीछे कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 52 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन संजूसैमन के साथ दूसरे विकेट लिये 105 रनों की साझेदारी की। जिमी नीशम ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर संजू सैमसन को बाउंड्री पर कैच आउट करा दिया। संजूसैमन ने 46 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के उड़ाते हुए 89 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर इशान किशन और आखिरी गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को आउट कर न्यूजीलैंड की मैच में वापसी कराई। इशान किशन ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। 19वें ओवर में मैट हेनरी ने हार्दिक पंड्या को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया।



चैंपियन बनने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पिच की मिट्टी अपने माथे पर लगाई। वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाने के बाद संजू सैमसन घुटनों पर बैठ गए। वहीं सुपर-8 स्टेज से बाहर होने के बाद कई पाकिस्तानी खिलाड़ी रो पड़े।

## सूर्या ने माथे पर मिट्टी लगाई



## ईशान किशन ने रचिन का शानदार कैच पकड़ा

ईशान किशन ने फाइनल में रचिन रवींद्र का आगे की ओर डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। गेंद उनके हाथ से छिटकी, लेकिन आखिरकार उन्होंने उसे लपक ही लिया।



## ये हैं जीत के 5 हीरो

**अहमदाबाद भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने रविवार रात न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। वैसे तो इस ट्रॉफी के लिए सभी प्लेयर्स ने योगदान दिया, लेकिन कुछ प्लेयर्स ऐसे रहे, जिन्होंने कठिन परिस्थियों में प्रदर्शन कर खुद को साबित किया।**

### सैमसन ने लगातार 3 फिफ्टी लगाई

**भारत के विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। उन्होंने टीम के लिए लगातार 3 मैचों में फिफ्टी लगाई। लीग स्टेज में प्लेइंग-11 के लिए स्ट्रगल कर रहे संजू को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में मौका मिला। यहां टीम को जीत चाहिए थी।**

### बुमराह इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर

जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने कोटे के चार ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट झटके। इतना ही नहीं, वे इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर भी बने। उन्होंने 8 मैचों में 14 विकेट झटके।

### ईशान किशन के नाम 3 फिफ्टी

**टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी समय में टीम में चुने गए ओपनर ईशान किशन ने टूर्नामेंट में 3 फिफ्टी लगा दीं। उन्होंने फाइनल में 21 बॉल में 247.61 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए। किशन ने संजू सैमसन के साथ 48 बॉल पर 105 रन की साझेदारी की।**

### हार्दिक के नाम 217 रन के साथ 9 विकेट

हार्दिक पंड्या ने बैट और बॉल दोनों से योगदान दिया। उन्होंने 9 मैचों में एक फिफ्टी के सहारे 217 रन बनाए। 160.74 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने 9 विकेट भी निकाले।

### शिवम दुबे ने फाइनल में 225 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए

भारत ने फाइनल में 15 ओवर में 203 रन बना दिये थे। तब जिमी नीशम ने 16वें ओवर में संजू सैमसन (89 रन), ईशान किशन (52 रन) और सूर्यकुमार यादव (जीरो) को पवेलियन भेज दिया। उसके बाद अगली 24 गेंद में 28 रन बने। ऐसे में टीम इंडिया का 250 भी पहुंचना मुश्किल लग रहा था।

## देशभर में जश्न





### आतिशबाजी के साथ लोग नाचे, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे

इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है। प्रशंसक सड़कों पर नाचे, आतिशबाजी की और तिरंगा फहराकर खुशी मनाई। इधर कप्तान सूर्यकुमार यादव देर रात वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान ICC चेयरमैन जयशाह और टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उनके साथ थे।



राजस्थान के जयपुर में भारत की जीत के बाद कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलौत नाचने लगे।



## पीएम मोदी ने विश्व कप में टीम इंडिया की जीत पर बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप में जीत के बाद भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और पूरे टूर्नामेंट में टीम के कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क की सराहना की। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में खिलाड़ियों को 'चैंपियन' बताया और कहा कि उनके प्रदर्शन ने देश को अपार गौरव दिलाया है। श्री मोदी ने लिखा, आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई! यह उल्लेखनीय जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को दर्शाती है।

## मुझे बस मेहनत करना आता है: हार्दिक पंड्या

**भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि मैं हर टूर्नामेंट से पहले बहुत ज्यादा मेहनत करता हूं। मुझे तो बस मेहनत करनी आती है। इसी के साथ टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किये। न्यूजीलैंड पर मिली 96 रनों से जीत के बाद हार्दिक पंड्या ने कहा कि उस जीत में बहुत सारी कठिनाई थी, उसमें वापसी की कहानी थी। ये जो जीत है, ये थोड़ी अलग है।**



## सैमसन बोले- सचिन सर से की थी चर्चा

सैमसन ने कहा, न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मैं पूरी तरह टूट गया था। ऐसा लगा था कि मेरे सारे सपने बिखर गए हैं। मैं सोच रहा था कि अब क्या करूं? कई पूर्व खिलाड़ियों ने मुझसे संपर्क किया और मेरी मदद करने की कोशिश की। पिछले कुछ महीनों से मैं लगातार सचिन तेंदुलकर सर के संपर्क में था। मैंने उनसे बात की और लंबी-लंबी चर्चाएं कीं। उनके जैसे महान खिलाड़ी से मार्गदर्शन मिलने से बड़ी बात और क्या हो सकती है? जिन लोगों ने मेरा साथ दिया, मैं उन सबका बहुत आभारी हूं। जहां तक आगे के लक्ष्य की बात है, फिलहाल यह उपलब्धि ही मेरे लिए बहुत बड़ी है। अभी मैं इसे जीना और इसका आनंद लेना चाहता हूं। कुछ दिनों बाद सोचूंगा कि आगे क्या करना है।

## अर्शदीप ने मिचेल से मांगी थी माफी

**फाइनल मैच के दौरान माहौल उस वक्त गर्म हो गया था जब अर्शदीप सिंह और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल के बीच नोकझोंक हुई। इस विवाद को लेकर अर्शदीप ने कहा, मैं तुरंत भागकर मिचेल से माफी मांगने गया था। जब मैंने गेंद फेंकी तो वह रिवर्स स्विंग हो गई और थ्रो में उन्हें लग गई। अभी तो जीत की खुशी बहुत अच्छी लग रही है, लेकिन असली अहसास शायद अगले दो-चार दिनों में आएगा। यह बहुत शानदार टीम है, जिसमें कई मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं। एक गेंदबाज के तौर पर हमारी भूमिका साफ होती है। अगर हमारी टीम 250 रन बनाती है तो प्रतिद्वंद्वी टीम को 250 से नीचे रोकना है और अगर पहले गेंदबाजी कर रहे हों, तो उन्हें जितना कम हो सके उतने स्कोर पर रोकना है।**

## चैंपियंस ने परिवार के साथ मनाया जश्न

**अहमदाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** टीम इंडिया तीसरी बार टी 20 विश्वकप चैंपियन बन चुकी है। उसने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। बड़ी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने मैदान पर खुशी का जश्न मनाया। मैच खत्म होने के बाद कई भारतीय खिलाड़ियों के परिवार और करीबी मैदान पर पहुंचे और सभी ने मिलकर इस खास पल को सेलिब्रेट किया। खिलाड़ियों के चेहरों पर जीत की खुशी साफ नज़र आ रही थी और वे अपने परिवार के साथ समय बिताते दिखाई दिए। टीम इंडिया के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी इस जश्न में खास अंदाज में नजर आए। वह अपनी गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया के साथ मैदान पर दिखे और दोनों ने साथ में तस्वीरें खिंचवाईं। वहीं स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ नजर आए। हार्दिक का अंदाज हमेशा की तरह काफी स्टाइलिश दिखा और दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं।

इस जश्न में कोच गौतम गंभीर भी हिस्सा बने, वह अपनी पत्नी नताशा और दो बेटियों के साथ मैदान पर नजर आए और दोनों बेहद खुश दिखाई दिए। गंभीर आमतौर पर गंभीर स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस खास मौके पर उनके चेहरे पर भी बड़ी मुस्कान दिखाई दी। परिवार के साथ बिताए इन खास पलों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किए जा रहे हैं। फैंस भी अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को इस तरह जश्न मनाते देख काफी खुश नजर आए।

मैच के बाद खिलाड़ियों के परिवार के साथ जश्न की कई तस्वीरें सामने आईं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं। फैंस इन तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और टीम इंडिया को जीत की बधाई दे रहे हैं। खिताब जीतने के बाद खिलाड़ियों का यह पारिवारिक जश्न इस जीत को और भी खास बना गया।



### ईशान-हार्दिक गर्लफ्रेंड के साथ दिखे, पत्नी नताशा के साथ मुस्कुराए गंभीर

### बुमराह और अक्षर का परिवार भी नज़र आया

**जसप्रीत बुमराह भी पत्नी संजना गणेशन और मां दलजीत बुमराह के साथ दिखे। बुमराह इस विश्वकप अभियान में भारत के प्रमुख शस्त्र रहे। उन्होंने सेमीफाइनल में एकतरफा गेंदबाजी की। वहीं, फाइनल में चार विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द फाइनल बने।**

# खामेनेई की शहादत पर शोकसभा का आयोजन

## सांसद चन्द्रशेखर ने कहा- एकता और भाईचारा बनाये रखें



**किरतपुर ( चिंगारी )। ग्राम भनेड़ा स्थित बुधबाजार चौक पर कल शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की शहादत को याद करते हुए एक शोक सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की गईं।**

शोकसभा के दौरान उपस्थित उलेमा ने कहा कि खामेनेई ने हमेशा उम्मत-ए-मुस्लिमां की एकता और इंसाफ की आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मुसलमानों को फिरकों में बंटने के बजाय आपसी भाईचारे और एकता के साथ रहना चाहिए। शिया और सुन्नी उलेमा ने एक स्वर में कहा कि इस्लाम हमें आपसी मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है, इसलिए हमें किसी भी तरह के मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुट रहना चाहिए। इस अवसर पर सांसद चंद्रशेखर ने अपने संदेश में कहा कि आयतुल्लाह अली खामेनेई जैसे नेता पूरी दुनिया में इंसाफ, हक और मजलूमों की आवाज उठाने के लिए जाने जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की याद हमें यह प्रेरणा देती है कि हम समाज में नफरत और भेदभाव से ऊपर उठकर इंसानियत, भाईचारे और एकता के रास्ते पर चलें। सांसद ने कहा कि आज के समय में सबसे ज्यादा जरूरत आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने की है। इस मौके पर आसपा नेता मुदस्सिर जमां खान, एडवोकेट अशरफ जमील, साहिल मेहरा, शेरबाज पठान, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मोअज्जम खान, गुलशन बिजनौरी, हैदर किरतपुरी, शिब्लु, इसरार जैदी, मौलाना सैय्यद शेर अली सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने खामेनेई के जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए उन्हें महान नेता बताया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की।

# पट्टे की जमीन को लेकर विवाद

## गेहूं की फ़सल नष्ट करने व मारपीट करने का आरोप



**बिजनौर ( चिंगारी )।** हल्दौर क्षेत्र के गांव मुबारकपुर पोटा में पट्टे की जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि गांव के प्रधान समेत कई लोगों ने उनकी गेहूं की फसल को जेसीबी से नष्ट करा दिया। विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। उच्चाधिकारियों को दिये शिकायती पत्र के अनुसार ग्राम मुबारकपुर पौटा के रहने वाले कुछ दलितों को साल 1996 में पट्टे की जमीन आवंटित की गई थी। आरोप है कि गांव की राजनीति के चलते प्रधान प्रदीप व उनके सहयोगियों ने पट्टेदारों को लालच देकर उनके पट्टे सुरक्षित कराने का आश्वासन दिया और उनसे करीब दो लाख रुपये ले लिए। पीड़ितों का आरोप है कि 5 मार्च 2026 को सुबह करीब 11 बजे आरोपियों ने जेसीबी चलवाकर उनके खेत में बोई गई गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया। जब प्रार्थीगण हरिचन्द, ध्यान सिंह, कुड़वा, संजीव, लोकेन्द्र, जयसिंह लिखिराम आदि मौके पर पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद लोगों ने हथियारों के बल पर उन्हें घेर लिया और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। वे किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकले। इसके बाद 7 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12 बजे पीड़ितों के बच्चों के खेत पर पहुंचने पर आरोपियों ने उन्हें भी रोक लिया और मारपीट की।आरोप है कि खेत में पड़ी गेहूं की फसल को कुछ महिलाएं रिक्शा में भरकर ले गईं। पीड़ितों का कहना है कि गांव के लोग आरोपियों के भय के कारण गवाही देने को तैयार नहीं हैं। इस संबंध में पीड़ितों ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# धूमधाम से मनाया रेडियो संदेश स्थापना दिवस




**बिजनौर ( चिंगारी )। कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, कैम्पस स्थित 'रेडियो संदेश 89.6' ( सामुदायिक रेडियो ) का तृतीय स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी ( वरिष्ठ पत्रकार/संपादक चिंगारी ), विशिष्ट अतिथि रेडियो संदेश सचिव श्रीमती स्वाति वीरा जी एवं डॉ. ( प्रो ) अमित कुमार बंसल ,डॉ एमएस कोरव, कैप्टन विशन लाल, एड. प्रशांत गोयल ,आकाश अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।**

रेडियो सन्देश सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने मुख्य अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया, कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के निदेशक डा. अमित कुमार बंसल ने सभी अतिथियों के स्वागत में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रेडियो का पिछले तीन साल का सफर रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव ने विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। साथ ही साथ टैलेंट शो 2.0 के विजेता और उपविजेता को 3100 और 2100 का नगद इनाम अतिथियों द्वारा प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। तदुपरान्त टैलेंट शो 2.0 के प्रतिभागियो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों की गई जिसमे आनंद मण्डल, लिपिका, अनम परवीन, ज़ीनत धारणा राजपूत, मनदीप कुमार, बाबा हीरा सिंह एवं संजीव एकल, डॉ. अशोक शर्मा, केके रंजन, डॉ. अतीक दानिश, आकाश अग्रवाल आदि ने अपनी कविताओ/साहित्यिक रचनाओ द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध किया। सुशील कर्णवाल ने नाक द्वारा बासुरी वादन कर सभी को रोमांचित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष मे रेडियो सचिव स्वाति वीरा महाजन ने वहां उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट स्थान रखने वाली महिलाओ को सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर रेडियो संदेश से जुड़े डॉ. अजय राणा, आफान तौसीफ, डा. साक्षी गोयल, एड. पवन कुमार, अवनीश गौड़, नवीन गर्ग, अवधेश भड़ाना एड., गजेंद्र सिंह, सोपाल सिंह, डॉ. गजेंद्र शर्मा, सुरेश चन्द्र शर्मा, समरपाल सिंह, डॉ. अख्तर हुसैन अंसारी झालू, बिट्टू भाई, छोटे सिंह, देशराज सिंह, अरुण शर्मा, तापशी, विधानशील, सरदार गुरु चरण सिंह , मनोज कुशवाहा, डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डा. शुएब अली खान, अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम राजपूत आदि उपस्थित रहे। रेडियो संदेश टीम से डा. अजय उपाध्याय, डा. शबनम कुरैशी, शबाना बेग, श्यामल मण्डल, संग्राम सिंह, ललित राठी, सारिका चौधरी आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने मे विशेष सहयोग रहा।

# स्योहारा चेयरमैन को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी ने पुलिस में तहरीर में बताया कि में नगर पालिका परिषद का वर्तमान अध्यक्ष हूं। पिछले कुछ दिनों से मेरे मोबाइल व फेसबुक आईडी पर शानू पुत्र सलव्वा निवासी मोहल्ला भजड़ियों सराय मिलकियान स्योहारा नामक व्यक्ति वीडियो काल करके व सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके मेरे प्रति गाली-गलौच करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है और मुझे जान से मार देने व जान से मरवाने की धमकी दे रहा है। शानू वर्तमान में विदेश सऊदी अरब के रियाद में था और अब वह अपने घर आया हुआ है। 27 दिसम्बर 2025 को सायं सात बजे शानू ने अपनी फेसबुक आईडी प्रिन्स स्योहारवी से एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें मेरे लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मरवा देने की धमकी दे रहा है, जिसके कारण मेरी प्रतिष्ठा को काफी नुकसान हो रहा है। पालिका अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किये जाने की पुलिस ने पुष्टि की।

# महिला व पुरुष वर्ग की बास्केट बॉल टीमों का चयन



**बिजनौर( चिंगारी )।** डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया बिजनौर डिस्ट्रिक्ट की 18 वर्ष तक की महिला एवं पुरुष बास्केटबॉल टीमों का चयन रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में प्रातः किया गया। चयन प्रक्रिया में जनपद के 37 पुरुष एवं 20 महिला कुल 57 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 24 पुरुष एवं 14 महिला खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया। योगेश्वर त्यागी, अशोक त्यागी, मोहमद रशीद, पम्मी गहलोत एवं नीरज (सेंट मेरीज स्कूल, नगीना)के नेतृत्व में मार्च 2026 के तीसरे सप्ताह में बिजनौर में बास्केटबॉल शिविर आयोजित किया जाएगा। महिला वर्ग में अनुश्री यादव (एमडी इंटरनेशनल स्कूल उर्वशी, मनस्वी अनन्या, शताक्षी, यशस्वी, महक (सभी डीडीपीएस, बिजनौर), परिधि, मोक्षा राजपूत, भूमि राजपूत, यशिका (सभी डीपीएस, बिजनौर), गुनगुन कौशिक (बिजनौर), योगिता, सनाकशी(सेंट मैरी स्कूल, नगीना) का चयन हुआ। पुरुष वर्ग में साकेत कुमार, सूर्यांश सकलानी, दिव्यांन सिंह, संचित गोस्वामी, विराट पांचाल,अजीजुद्दीन, रुद्र प्रताप सिंह गहलौत (डी पी एस,बिजनौर) अर्णव जयसवाल (एमडी इंटरनेशनल, बिजनौर), यथार्थ, हनी, देवांश सिंह,हार्दिक (प्रियंका मॉडर्न स्कूल, धामपुर), दीपक चौहान, शिवा कुमार, शिवम् कुमार (सेंट मैरी इंटर कॉलेज, नूरपुर), करन (सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर), तीर्थ (होली एंजेल स्कूल, राघव कौशिक(डीएवी, बिजनौर), चर्चित भारती, रुद्र चौहान, मंथन विश्नोई, एंटोनी कुजूर, आर्यन देसवाल (सेंट मेरीज स्कूल, नगीना) का चयन हुआ। इस अवसर पर प्रदीप सेठी, अचल सिंह, एडवोकेट आदेश दाहिमा (मोनू), गोपाल त्यागी, अजय वत्स, अशोक त्यागी, पम्मी गहलोत, मोहम्मद राशिद, योगेश्वर त्यागी आदि चयन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीत हासिल कर टीम इंडिया ने रचा इतिहास

रूकन राजपूत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप जीतकर क्रिकेट इतिहास में कई नये अध्याय जोड़ दिये हैं। जहां टीम इंडिया ने 3 बार टी-20 विश्व कप जीतने का इतिहास रच दिया है, वहीं लगातार दूसरी बार यह विश्व कप जीतने का भी इतिहास लिखा है। पहली बार ही किसी मेजबान टीम ने यह खिताब जीतने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। टीम इंडिया विश्व की एकमात्र टीम है, जिसने मेजबान रहते हुए टी-20 विश्व कप जीता है। टीम इंडिया ने लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीतने का विश्व रिकॉर्ड भी बना दिया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टीम इंडिया विश्व विजेता बनी थी। टीम इंडिया 3 बार टी-20 विश्व कप जीतने वाली विश्व की एकमात्र टीम बन गई है। 2007 में टीम इंडिया ने पहला टी-20 विश्व कप जीता था, तब टीम इंडिया ने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तानी टीम को हराया था। टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप के फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने का इतिहास भी रचा है। टॉस हारकर न्यूजीलैंड द्वारा पहले फील्डिंग करने का फैसला लेने पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 20 ओवर्स में 5 विकेट पर 255 रनों का पहाड़ सरीखा स्कोर खड़ा किया, जो कि वर्ल्ड रिकॉर्ड था। कीवी बल्लेबाज 19 ओवर्स में 159 रन बनाकर ऑल आउट हो गये और टीम इंडिया ने 96 रनों से बहुत बड़ी जीत दर्ज की। टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का भी इतिहास रचा है। टीम इंडिया के विश्व कप जीतते ही क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। उत्साही क्रिकेटप्रेमियों ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों लोकेन्द्र राजपूत, मौ. फुरकान, संजीव राजपूत, फूल सिंह, गुड्डू सिंह, जयप्रकाश, सुशील शुक्ला, अतुल अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, ललित कुमार केशव, सन्नी पंडित, अजीत कर्णवाल, मोहित कर्णवाल आदि ने टीम इंडिया की जीत पर खूब जश्न मनाया।




## दो साल पहले इसी मैदान पर दिल टूटे थे

अहमदाबाद के जिस मैदान पर टीम इंडिया ने जीत दर्ज कर इतिहास रचा, उसी मैदान पर सवा दो साल पहले मिली हार ने करोड़ों भारतीयों के दिल बुरी तरह से तोड़ दिये थे। 19 नवंबर, 2023 को वन-डे वर्ल्ड कप का फाइनल मैच टीम इंडिया और कंगारुओं (ऑस्ट्रेलिया की टीम) के बीच यहीं खेला गया था, तब कंगारुओं ने टीम इंडिया को 6 विकेट से हराकर करोड़ों भारतीयों की आंखों में आंसू ला दिये थे।

# भारत में चल रही खेल क्रांति पर पक्की मुहर



सत्यराज

भारत में खेले गए 10 वें टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए जिस अंदाज में जीत हासिल की है,वह भारत में चल रही खेल क्रांति पर एक और मुहर लगती है। वर्ष 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पाकिस्तान को हराकर पहला टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम ने वर्ष 2024 में दूसरी बार विस्फोटक ओपनर बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा की अगवाई में विश्व कप जीता, तो कल अहमदाबाद में बने दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में सवा लाख दर्शकों की मौजूदगी में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में निरंतर दूसरी बार और कुल मिलाकर तीसरी बार विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बनी। फाइनल में 255 रनों का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाने वाली भारतीय टीम आसानी से खिताब जीत गई। दुनिया के करिश्माई मीडियम पेस बॉलर जसप्रीत जसप्रीत बुमराह ने 15 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी विशेषता सिद्ध की। उधर विश्व नंबर एक के स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने भी बुमराह के बराबर टूर्नामेंट में कुल 10 विकेट लिए, हालांकि उन्हें केवल एक ही विकेट मिला। फाइनल में अहमदाबाद के ही लोकल ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने भी तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी का प्रदर्शन भी ऐतिहासिक रहा। भारतीय क्रिकेट टीम में कई वर्षों से अंदर बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू संजू सैमसन ने लगातार तीसरी बार अर्धशतक पूरा करते हुए 89 रनों की पारी खेली। इसके अलावा फार्म से बाहर चल रहे अभिषेक शर्मा ने कल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक बनाया। उन्होंने मात्र 19 बॉलों में 50 रन पूरे किए, जो उनके गुरु कहे जाने वाले युवराज सिंह के बाद दूसरे नंबर पर रहेंगे। इसके साथ ही 2 साल तक भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर रहे ईशान किशन ने भी कल अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम का स्कोर पावर प्ले के साथ ही 255 का स्कोर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह क्रिकेट दुनिया की सबसे बड़े स्कोर में से एक रहेगा। भारतीय टीम द्वारा 255 रनों का विशाल पहाड़ खड़ा कर देने के बाद न्यूजीलैंड की टीम शुरू से ही लड़खड़ा गई और उनके सारे खिलाड़ी मात्र 159 रन पर 19 ओवरों में ही आल आउट हो गए। मैच के अंत में आईसीसी के प्रमुख जय शाह ने टीम को ट्रॉफी प्रदान की। उधर आधी रात तक सभी खिलाड़ियों के परिवार, उनके साथ मैदान में मौजूद रहकर जीत का जश्न मनाते रहे।

# चैम्पियन ट्रॉफी ही नहीं, 145 करोड़ भारतीयों का दिल भी जीता




अनिल वर्मा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रविवार को अहमदाबाद में खेले गये टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप में भारतीय टीम ने घातक बल्लेबाज़ी और गेन्दबाज़ी के चलते एक तरफ़ा फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों हराकर चैम्पियन ट्राफी का खिताब हासिल कर लिया। घरेलू मैदान पर कीवीयों को धूल चटाते हुए वर्ल्ड कप तो जीता ही, 145 करोड़ों भारतीयों का दिल खुशियों से भरने के साथ कई रिकार्ड भी तोड़ डाले। चिंगारी से बात करते हुए कुछ वर्तमान और पूर्व खिलाड़ियों ने अपनी अलग-अलग प्रतिक्रियायें व्यक्त कीं।

आलराउंडर खिलाड़ी धनंजय शर्मा ने बताया कि यह एक एकतरफा मुकाबला हुआ, प्रारम्भ से हमारे बल्लबाज़ों ने धुआंदार बल्लेबाज़ी की और एक विशाल स्कोर खड़ा कर दिया, जिसको कीवी चेस नहीं कर सके । बल्लेबाज़ हिमांशु ने कहा कि ये पक्के इरादे की जीत है। टीम ने रनों का पहाड़ खड़ा किया और भारतीय टीम ने होली पर विश्वकप को दिवाली जैसा बना दिया। एक ओर बल्लेबाज़ प्रिन्स कुमार के अनुसार कीवीयों पर स्कोर बोर्ड का प्रेशर बहुत रहा, जिससे रन तेज़ी से बनाने के चक्कर में टीम पवेलियन जल्दी लौट गयी।

क्रिकेट कोच नागेंद्र सिंह के अनुसार शुरूआती बल्लेबाज़ों की इनिंग ने डिफरेंस को खासा बनाया और गेन्दबाज़ों ने अपना खासा प्रभाव दिखाया, जिससे वर्ल्डकप हमारा हुआ, उन्होंने चयनकर्ताओं से टीम में एक जबरदस्त स्पिनर चुने जाने की मांग की भारतीय टीम के लिए बहुत जरूरत है।

पूर्व खिलाड़ी सलीम अहमद ने कहा कि स्काई आर्मी की कीवीयों पर यह महाविजय है, टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया। पहले 2007, 2024 और अब 2026 में जीत जो वर्ल्ड की कोई भी टीम ऐसा नहीं कर सकी। पर्व खिलाड़ी राजकिशोर चौहान ने बहुत शानदार जीत बताते हुए कहा कि हमारी टीम ने तीन मिथक तोड़ दिये, पहला डिफेंडिंग चैम्पियन, दूसरा घरेलू मैदान पर वर्ल्डकप जितना, तीसरा न्यूज़ीलैंड को पहली बार हराना कुल मिलाकर भारत ने तीसरी बार वर्ल्डकप कप जीतकर करोड़ों भारतीयों को गौरान्वित किया है।

# देशवासियों को होली और ईद का तोहफ़ा दिया

-मौहम्मद इरशाद मलिक

**हल्दौर ( चिंगारी )। टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार विश्व विजेता बन गई है, जिससे क्रिकेट प्रेमी फूले नहीं संमा रहे और उनका कहना है कि भारतीय टीम ने यह देशवासियों को होली और ईद का तोहफा दिया है।**

रविवार को टी-20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने 5 विकेट खोकर शानदार 255 बनाए, जिसके जवाब में मैदान पर उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने चारों खाने चित हो गई और न्यूजीलैंड की पूरी टीम मात्र 159 रन पर क्लीन बोल्ड हो गई। 96 रन से न्यूजीलैंड को हराकर भारतीय टीम इतिहास रचते हुए तीसरी बार टी-20 विश्व कप की विजेता बन गई, जिससे देशवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने इसे भारतीय टीम द्वारा दिया गया होली और ईद का तोहफा बताया। भारतीय क्रिकेट टीम टी-20 विश्व कप की तीसरी बार विश्व विजेता बनी है, जबकि लगातार दूसरी बार परचम लहराया है। सन् 2007 में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था, जबकि सन् 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारतीय टीम विश्व विजेता बनी थी। भारतीय टीम के इतिहास रचने पर देशवासी व क्रिकेट प्रेमी गदगद हैं। क्रिकेट प्रेमी डॉ. श्रीकांत वर्मा, गुड्डू हक्कानी, पीयूष चौहान, सभासद वरुण अग्रवाल, राशिद मलिक, सलीम सिद्दीकी, अजीम इदरीसी, शादीलाल मारवाड़ी, अहमद अंसारी एडवोकेट, सुहेल मंसूर, मनोज वर्मा, पुनीत शर्मा पुन्नी, दीपक कुमार, परवेज कहगर, सलीम मंसूर, नवीन शर्मा, लक्की चौहान, दुष्यंत चौहान, कौशल चौहान, जावेद सिद्दीकी, दिनेश चौहान, राजा चौधरी, पवन कुमार टांक, गौरव अग्रवाल, वकार अहमद, परवेज अहमद, आफताब आलम, परीक्षित कुमार, विनोद वर्मा, अरुण शर्मा, उस्मान अंसारी, प्रदीप शर्मा, डॉ. जीशान अहमद, शमीम अहमद, नसीम अहमद, अबसार अंसारी, प्रकाश पंकज, शोभित चौधरी व नीशू चौधरी, महिपाल सिंह आदि ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए इस ऐतिहासिक जीत को होली और ईद का तोहफा बताया है।

# गुलदार के बढ़ते हमलों से किसान, मजदूर परेशान

## मुरलीवाला में गन्ना छील रहे किसान पर किया हमला



गुलदार को ललकारते ग्रामीण।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र में गुलदार के बढ़ते हमलों से किसान, मजदूर व अन्य क्षेत्रवासी बेहद परेशान हैं। इस गंभीर समस्या का कोई हल निकलता नज़र नहीं आ रहा है। वन विभाग के कर्मचारी, अधिकारी भी इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर कोई ठोस जवाब नहीं दे पा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का बस एक ही सवाल है कि आखिर इस समस्या का समाधान होगा कि नहीं। रविवार को भी गुलदार ने अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला में गन्ना छील रहे किसान ओमप्रकाश सिंह धनगड़ पर उस समय हमले का प्रयास किया, जब वह खेत में गन्ना छील रहा था। गनीमत रही कि पास में ही ओमप्रकाश सिंह का भाई सोहनवीर सिंह भी मौजूद था, जिसने शोर मचाकर गुलदार को भगाया। सूचना पाते ही तमाम ग्रामीण हाथों में लाठी-डंडे लेकर खेत पर पहुंचे और शोर मचाते हुए गुलदार को ललकारा, तब गुलदार गन्ने के खेत से निकलकर भाग गया। वनकर्मी भी मौके पर तो पहुंचे, और वही पुराना राग अलापते हुए पिंजरा लगाने का आश्वासन देकर वहां से खिसक गए। गुलदार के बढ़ते हमलों को लेकर क्षेत्रवासियों में भय व्याप्त है।



गुलदार का फाइल फोटो।

# शगुन कौशल को सम्मानित किया



शगुन कौशल को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करते आफताब मंसूरी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाकियू (महाशक्ति) के ब्लॉक अध्यक्ष आफताब मंसूरी ने भी यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शगुन कौशल को उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया। आदर्श नगर, नजीबाबाद के निवासी शगुन कौशल सुपुत्र पुष्पेन्द्र कुमार ने यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में 145वीं रैंक हासिल कर जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है। शगुन कौशल के पिता मूल रूप से क्षेत्र के ग्राम सराय आलम के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से ग्राम सराय आलम में भी जश्न का माहौल है।

# 250 पेड़-पौधे तोड़ डाले

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** असामाजिक तत्वों ने दो व्यक्तियों की भूमि पर खड़े 250 से अधिक पौधे रात के अंधेरे में तोड़कर नष्ट कर दिये। ग्राम जालपुर निवासी प्रीतम सिंह तथा राशिद की कुछ भूमि जालपुर-सराय आलम सम्पर्क मार्ग के किनारे स्थित है। दोनों ने उस भूमि पर लगभग एक वर्ष पूर्व यूकेलिप्टस के पौधे लगाये थे। बीती रात्रि असामाजिक तत्वों ने वहां खड़े करीब 250 पौधे तोड़कर नष्ट कर दिये हैं। प्रीतम सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपकर असामाजिक तत्वों का पता लगाये जाने की मांग की है।

# राजकुमार को डॉक्टर कहना गलत : डॉ. सी.पी. सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगीना में हुई घटना को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने दु:खद बताया है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. सी.पी. सिंह का कहना है कि राजकुमार को 'डॉक्टर' कहना गलत है और उसे डॉक्टर के रूप में प्रस्तुत करना बंद किया जाना चाहिए। डॉ. सी.पी. सिंह ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि मीडिया नीरज चौहान और राजकुमार को डॉक्टर और बाल रोग विशेषज्ञ बता रहा है, जबकि दोनों झोलाछाप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष होने के नाते प्रशासन से मांग है कि इन झोलाछाप लोगों पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि आने वाले समय में ये लोग भोले-भाले मरीजों की जान से खिलवाड़ न कर सकें। गौरतलब है कि हाल ही में नगीना में एक कथित डॉक्टर राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# महिलाओं को सम्मान से ज्यादा ज्ञान की आवश्यकता - डा. नरेन्द्र




**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिव मंदिर देवलोक कॉलोनी योग केंद्र बिजनौर पर महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन संरक्षक एवं मंदिर प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि सुनील राजपूत ने महिला दिवस पर प्रकाश डाला। डॉ. नरेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन उत्तर प्रदेश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सम्मान देने से ज्यादा उन्हें ज्ञान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ओपी शर्मा ने देश गीत सुनकर सबका मन मोह लिया। मेरठ से आये प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर माया प्रकाश ने नाड़ी परीक्षण का उपचार किया। डॉ. नरेंद्र सिंह, ओपी शर्मा, डॉ. सुनील राजपूत ने बिना दवाई के रोगियों का उपचार किया एवं एक्यूप्रेशर किया। योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार, अनंत कुमार, श्रीमती सुनीता ने प्राकृतिक चिकित्सा से रोगियों का उपचार किया। इस अवसर पर राजपाल सिंह पत्रकार, हुकम सिंह चौहान एडवोकेट, पंडित गोपाल शर्मा, पंडित राजेंद्र कुमार मिश्रा, पंडित जीत भारद्वाज, नेहा पंडित, उपासना आर्य, शुभम चौधरी, सुधांशु काकरान, मधु भूषण, शशि बाला, पुष्पा वर्मा, आभा पाठक, माया पाल, कुमारी यशोदा देवी आदि को महिला दिवस के रूप में सम्मानित किया गया।

# छात्रा की अश्लील वीडियो वायरल करने पर चार के विरुद्ध मामला दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** छात्रा की अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप में चार युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी चार युवकों नीतू राणा पुत्र महादेव सिंह,मोहित शर्मा पुत्र गीताराम शर्मा, नीतीश कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र व सोमपाल सिंह पुत्र कल्लू सिंह ने उसकी पुत्री की एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है। उक्त युवकों ने उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। वीडियो वायरल होने के कारण उसकी पुत्री मानसिक रूप से परेशान है। पीड़ित पिता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# पेड़ पर चढ़ा विशाल अजगर

**झालू ( चिंगारी )।** कस्बा झालू स्थित गोलबाग रोड पर गौशाला के पास एक पेड़ पर विशालकाय अजगर सांप दिखाई देने से आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया। वहीं एक युवक अचानक आनन-फानन में पेड़ पर चढ़ गया और अजगर को पकड़ने की कोशिश करने लगा। गनीमत रही तभी वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग की टीम का नेतृत्व कर रहे मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए अजगर का वजन लगभग 50 किलो है। टीम अजगर को अपने साथ ले गई, जहां उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जायेगा।



# 25 वर्षों से चली आ रही परम्परा निभाई, समिति ने इफ़्तार कराई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** देश-प्रदेश में विषम हालातों के बावजूद नागरिक अधिकार एवं विकास समिति, बिजनौर ने 25 वर्षों से भी अधिक पुरानी परम्परा को निभाते हुए, भव्य एवं सादगीपूर्ण तरीके से 18वें रोज़े के मुकद्दस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार गोयल के नेतृत्व में एवं प्रमुख संयोजक/संरक्षक सदस्य अवधेश कुमार सिंह व चंद्रमणि रघुवंशी के सानिध्य में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का सफल आयोजन रविवार को राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज, बिजनौर के हॉल में किया गया, जिसमें आमंत्रित रोजेदारों ने इफ्तार किया और तादोउपरांत नमाज़ अदा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक मण्डल के सदस्यों सर्वश्री राजीव चौहान एड., फारूक बिजनौरी, देवेंद्रपाल सिंह एड., गुलसिताब एड., कमाल सफ़दर एड., लक्की चोपड़ा, बुलंद अख्तर एड., हरदीप सिंह एड., अतुल विक्रम सिंह एड. एवं समिति के सचिव नवदीप सिंह एड. व कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह एड. ने मुख्य भूमिका निभाई। रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में सूर्यमणि रघुवंशी, प्रदीप सेठी, सुरेन्द्र कुमार कपूर, नाज़िश विकार, अशोक कुमार चौधरी, वाज़िद खान एड., संजीव राजन अग्रवाल, डॉ. रामकुमार अग्रवाल, विशाल अग्रवाल एड., भूदेव सिंह, चंदेल एड., शिवप्रकाश वाल्मीकि, सुरेश चंद्रा, गणेश ठाकुर, माज़िद अली शहर क़ाज़ी, हाजी दानिश अली, अवनीश ठाकुर, मुनीश त्यागी, अनिल त्यागी, हज़ूर ज़ैदी एड., खालिद भाई पॉपुलर डेरी, वसीम अकरम एड., इंतेखाब ज़ैदी एड., जावेद आफताब, एड., परवेज़ आफताब, क़ाज़ी आतिफ, ज़ैद बेग एड., इरफ़ान बेग, स्वाति वीरा, कैप्टेन बिशन सिंह प्रधानाचार्य, गयूर आसिफ, कौसर अता उर्फ़ बिट्टू भाई, सत्यप्रकाश चौहान आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## ओवरलोडेड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मारी

बरुकी /बिजनौर( चिंगारी )। नगीना रोड स्थित मंगला प्लाईवुड फैक्ट्री के सामने पेट्रोल पंप के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ओवरलोड लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।


मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार सहारनपुर जिले के पिलखनी गांव निवासी अभिषेक और पिंटू उर्फ मोहन आपस में चचेरे-तहेरे भाई हैं। दोनों बाइक से सहारनपुर से धौकलपुर अपने मौसी के लड़के की शादी में शामिल होने आ रहे थे। रविवार देर रात जैसे ही उनकी बाइक बिजनौर के नगीना रोड स्थित मंगला प्लाईवुड फैक्ट्री के पास पेट्रोल पंप के समीप पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ओवरलोड लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिंटू उर्फ मोहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अभिषेक को एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सांसद चन्द्रशेखर भी शामिल हुये इफ़्तार पार्टी में

## अशरफ जमील ने किया आयोजन

किरतपुर (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी युवाओं के प्रेरणा स्रोत अशरफ जमील (एडवोकेट) की रोजा इफ्तारी में भारी जनसमूह के साथ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद नगीना चंद्रशेखर ने भी शिरकत की। कल शाम मोहल्ला बुद्धूपाड़ा में टैंपो स्टैंड के पास रोजा इफ्तार कार्यक्रम हुआ, जिसमें भारी संख्या में मुसलमानों में जिले के आजाद समाज पार्टी के नेता भी शामिल हुए। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि रोजा इफ्तार से काफी भाईचारा बढ़ता है। रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में हिंदू भाइयों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, रोहित सागर, साहिल मेहरा, शेरबाज पठान, खुर्शीद मंसूरी, मुदस्सिर जमा, तारिक अली, कैप्टन मजहर नामी, डॉक्टर एहसान उल करीम, राजवीर सिंह, हनुमान सिंह (एडवोकेट,)



गौतम कुमार, कन्हैया राणा, तुले सिंह, भरत कुमार आदि मुख्य ने बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम द्वारा रोजा इफ्तार में भाग लेने पर अशरफ जमील आसपा नेता खुश नजर आए। अंत में अशरफ जमील ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# देशी के 35 पव्वों के साथ पकड़ा गया

नांगल सोती (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को देशी शराब के 35 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि रविवार की शाम नांगल थाने के आरक्षी सोनू चौधरी, रूपक मलिक एवं संजय सैनी बालावाली रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध व्यक्तियों, वाहन एवं अवैध रूप से शराब के निर्माण / बिक्री / परिवहन करने वाले व्यक्तियों की चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होने बालावाली-लालपुर सोजीमल सम्पर्क मार्ग से अश्वनी कुमार उर्फ गौतम पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम बालावाली (जहानाबाद) थाना मंडावर को देशी शराब के 35 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
उन्नीसवां रोज़ा : सोमवार 09 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:25, शिया 6:35
बीसवां रोज़ा : मंगलवार, 10 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:09 शिया 5:02

शहजाद अहमद


# खड़े-खड़े आग का गोला बनी स्कूटी

नांगल सोती (चिंगारी)। खेत पर खड़ी किसान की स्कूटी अचानक 'आग का गोला' बन गई। किसान और अन्य व्यक्तियों ने पानी डालकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, मगर वे उसे राख बनने से नहीं रोक सके। समीपवर्ती ग्राम मायापुरी निवासी शिवांत सेहल पुत्र करतार सिंह ने दो माह पूर्व इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। आज सुबह वह स्कूटी लेकर अपने खेत पर गया था और चकरोड के किनारे खड़ी कर दी थी। पूर्वाह्न लगभग साढ़े दस बजे खड़ी हुई स्कूटी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते वह आग का गोला बन गई। शिवांत तथा वहां मौजूद अन्य व्यक्तियों ने नलकूप से पानी लेकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, मगर आग स्कूटी को राख बनाकर ही शांत हुई। किसान ने इसे कम्पनी का फाल्ट बताया है।



# राजकुमार हत्याकांड के बाद अस्पताल सील करने की आई याद

नगीना (चिंगारी)। राजकुमार हत्याकांड के साजिशकर्ता डॉक्टर नीरज कुमार के निजी अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया है। धामपुर मार्ग पर स्थित सुमित्रा अस्पताल पर विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल ने पुलिस की मौजूदगी में सील लगायी। बताते चलें कि इस अस्पताल का संचालन डॉ. नीरज कुमार करते थे। यह हॉस्पिटल उस शिवालय हेल्थ केयर सेंटर से कुछ दूरी पर स्थित है, जहां पर 5 मार्च की शाम को अस्पताल संचालक राजकुमार की हत्या की गई थी। इस हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने 7 मार्च को किया था जिसमें मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर सुमित्रा हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर नीरज का नाम सामने आने पर पुलिस ने उनका चालान किया था। राजकुमार हत्याकांड में नीरज कुमार के पकड़े जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग को उनके अस्पताल को सील करने की याद आ गई।




# होली एवं महिला दिवस पर 'सबरंग' द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित

बिजनौर (चिंगारी)। नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'सबरंग' की होली मिलन तथा महिला दिवस के अवसर पर वृहद काव्य गोष्ठी का कल जैन धर्मशाला में आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक ओमप्रकाश परमार के सौजन्य से आयोजित गोष्ठी के अध्यक्ष डा.

## आरिफ गांधी को किया गया सम्मानित



अनिल चौधरी, मुख्य अतिथि वार्ड 24 के सभासद तुफैल अहमद व विशिष्ट अतिथि सुरेश चन्द्र शर्मा रहे। मनोरंजन शर्मा के संचालन में सरस्वती वंदना से प्रारंभ गोष्ठी में डा. अशोक कुमार शर्मा ने कहा- 'शिकवे सारे दूर हों चढ़े प्यार का रंग/रूठे भी गलहार हो मन में भरे उमंग।' सुरेश शर्मा ने कहा- 'सैयां के भैया ने मुझे खूब सताया/होली खेलन में सखी बड़ा मजा आया।' मनोरंजन शर्मा ने कहा- 'सियासी रंग तो बिखरे बहुत सी बार फागुन में/चलों इस बार हम करें प्यार की बौछार फागुन में।' राशि अग्रवाल ने महिला दिवस पर कहा 'हे नारी तुम निश्छल धारा, तुम प्रेम मंत्र की भक्ति हो कई रूप जगत में है तेरे, हे नारी तुम शिवशक्ति हो।' गोष्ठी में ओमप्रकाश परमार, डा. सतेन्द्र शर्मा 'अंगिरस', संजीव 'एकल', विकास कुमार अग्रवाल, सुमन चौधरी, बीआर पाल, हुक्का बिजनौरी आदि ने भी काव्य पाठ किया। गोष्ठी के द्वितीय चरण में संस्था के संस्थापक सदस्य आरिफ गांधी का 'सबरंग' द्वारा सम्मान किया गया तथा उनसे कई गजलें सुनी गईं। अन्त में जहां मुख्य अतिथि तुफैल अहमद ने होली एवं महिला दिवस की सबको शुभकामनाएं दीं वहीं अध्यक्ष डा. अनिल चौधरी से कई गजलें सुनी गईं। 'सबरंग' के निदेशक हुक्का बिजनौरी द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल ऐकेडमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस मौके पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 9 व 11 के वार्षिक परीक्षाफल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या के द्वारा वार्षिक परीक्षा फल के साथ सम्मान पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 11 कॉमर्स में तनिष्का सिंह पुत्री चौधरी ईशम सिंह ने प्रथम स्थान, भूमिका चौहान ने द्वितीय एवं अमन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 बायोलॉजी में काव्य राजपूत ने प्रथम, प्रभगुन ने द्वितीय तथा अवनी राजपूत ने तृतीय, कक्षा 11 गणित में नव्या चौधरी ने प्रथम, यशी तोमर ने द्वितीय एवं मोहम्मद ईशान ने तृतीय, कक्षा 9 ए में पूर्वी अग्रवाल पुत्री विपिन कुमार अग्रवाल, जोया मंसूरी ने द्वितीय, अर्श रहमान ने तृतीय, कक्षा नौ बी में अन्या अग्रवाल ने प्रथम, अंश कश्यप ने द्वितीय तथा रुद्र प्रताप ने तृतीय




स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य समस्त छात्र-छात्राओं के शैक्षिक, सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ सर्वांगीण विकास करके जीवन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करना है। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं को कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं से प्रेरणा लेने एवं नियमित विद्यालय आने की अपील की। विद्यालय प्रबंधन कमेटी के अश्विन वालिया एवं जाहनवी वालिया ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, विपिन अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, भावना राजपूत, रुचि राजपूत, राजीव सिंह, कपिल डोडवाल, शिक्षक कुमुद कुमार, मेहुल अग्रवाल, शुभम पांडे, अंचल अग्रवाल, आशुतोष राणा, तनिषा अग्रवाल, शुभम भारद्वाज, खुशबू चौहान, मनवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, राशू सिंह, निकिता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कमलेश आर्या को मिला वीर माता पन्नाधाय नारी शक्ति सम्मान

नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। आर्य सुंगध संस्थान मुस्सेपुर की संचालिका कमलेश आर्या को उनकी सेवाओं के लिए वीर माता पन्नाधाय नारी शक्ति सम्मान मिला है। यह सम्मान उन्हें 7 मार्च 2026 को 1857 की क्रांति के नायक धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ द्वारा वीरमाता पन्नाधाय नारी शक्ति गौरव सम्मान 2026 समारोह ब्रह्मकुमारीज भवन मोहकमपुर मेरठ में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में दिया गया। कमलेश आर्या को अनाथ दिव्यांग बच्चों एवं बेसहारा वृद्धों के जीवन को बेहतर बनाने व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करने पर यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता बैंसला पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक भारत सरकार व शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तस्वीर सिंह चपराना के द्वारा दिया गया। कमलेश आर्या को यह सम्मान मिलने पर उनके संस्थान में खुशी की लहर दौड़ गई। सम्मान लेकर लौटी कमलेश आर्या का संस्थान परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ. अजयवीर सिंह, अध्यक्ष सुंदर कुमार गोयल, उपाध्यक्ष वैद्य ओम प्रकाश द्वारा शोध संस्थान का आभार व्यक्त किया गया है।








## टीम इंडिया की जीत पर युवाओं ने खुशियां मनाई



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह में युवाओं ने वर्ल्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया की जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। युवाओं ने कहा कि भारत की टीम ने अपनी प्रतिभा का एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार वर्ल्ड कप जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने वर्ष-2026 के वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय टीम के काफी अच्छा खेलते हुए 96 रनों से न्यूजीलैंड को हराकर जीत अपने नाम करने पर हर्ष जताया। इस मौके पर पूर्व सभासद प्रतिनिधि अमजद सिद्दीकी, फहीम अहमद, हाजी शादाब, राशिद अंसारी, जावेद जमीर, जीशान, अफजल सिद्दीकी, सलीम सिद्दीकी, आकिब सिद्दीकी आदि शामिल रहे।




# बजट सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष का प्रदर्शन

एस पी अरोरा

**गैरसैण ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के बजट सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में विधानसभा गैरसैंण के बाहर प्रदर्शन किया तथा सरकार से विधानसभा सत्र को लगभग 30 दिन तक चलाने की मांग की। विपक्ष के सदस्यों का कहना था कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार संसदीय परंपराओं को ताक पर रख रही है और बजट सत्र मात्र 5 दिन का चलाकर केवल खाना पूर्ति करने का काम कर रही है।

नेता विपक्ष यशपाल आर्य का कहना था कि प्रदेश सरकार राज्यपाल के अभिभाषण के बाद ही प्रदेश का बजट रखने जा रही है जिससे संसदीय परंपराओं का पूरी तरह उल्लंघन हो रहा है। विधानसभा में उप नेता भवन कापड़ी का कहना था कि प्रदेश की सरकार के मुखिया के पास 40 विभाग हैं और वह अपने विभागों से जुड़े सवालों से बचने का प्रयास करते हैं और यदि उनके विभाग का सवाल लगाया जाता है तो वह जवाब तक नहीं देते हैं। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होते ही विपक्ष ने प्रदेश सरकार की संसदीय अभिभाषण परम्परा को तोड़ने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष एक तरफ हंगामा करता रहा वहीं राज्यपाल अपना अभिभाषण लगातार पढ़ते रहे। विपक्ष के विधायक गैलरी में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते रहे।



## मुख्यमंत्री पहुंचे विपक्षी विधायकों के पास

**गैरसैंण। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा के अंदर जाने से पहले विधानसभा की सीढ़ियों पर प्रदर्शन कर रहे विपक्षी विधायकों के पास पहुंचे और सदन चलाने में सहयोग देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा विपक्ष से सहयोग मांगने के दौरान भी कुछ विधायक सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।**

## भराड़ीसैंण विधानसभा भवन के मुख्य द्वार पर खड़ा किया ढांचा, भवन का मुख्य भाग नहीं आ रहा नजर



**गैरसैंण ( चिंगारी )।** आज से गैरसैंण में विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। जिसके लिए मुख्यमंत्री समेत तमाम पक्ष-विपक्ष के विधायक गैरसैंण पहुंच चुके हैं। इस बार गैरसैंण में बजट सत्र के दौरान 1.11 लाख करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैण में विधानसभा मंडप के मुख्य द्वार को बारिश के पानी से बचाने के लिए एक नया सुरक्षा ढांचा खड़ा किया गया है। जिसको लेकर यहां पंहुच रहे लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जहां विधानसभा के कर्मचारी मुख्य द्वार को पानी से बचाने के साथ ही विधानसभा के मुख्य भवन की शोभा और बढ़ने की बात कर रहे हैं, वहीं, इसे देखकर आमजन की प्रतिक्रिया कुछ और ही है।

कुछ लोगों का कहना है कि नया ढांचा खड़ा करने से जहां मुख्य भवन का पारंपरिक डिजाइन प्रभावित हुआ है, तो वहीं परिसर के सामने वाले मुख्य मैदान की चौड़ाई पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है। परिसर मैदान के बीचों-बीच खड़े किए गए नए पिलरों की वजह से यहां से गुजरने वाले वाहनों से दुर्घटना का खतरा भी हो सकता है। भराड़ीसैंण विधानसभा के मुख्य भवन का पुराना डिजाइन आकर्षक और एक साथ नजर आता था, जिससे पूरी विधानसभा आकर्षक लगती थी, लेकिन नया ढांचा खड़ा करने से जहां परिसर के मुख्य भाग की मैदान की चौड़ाई घट गई है, तो वहीं से विधानसभा भवन के मुख्य भाग का पूरा नजारा भी अब नहीं दिखाई दे रहा है।

# गजवाड़ में 'वनाग्नि रोकथाम' पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग की प्लेन रेंज की ओर से जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम गजवाड़ स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर में वनाग्नि रोकथाम पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर पलेन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अमोल इष्टवाल ने स्थानीय जनता से वनाग्नि की घटनाओं को रोकने में वन विभाग को सहयोग प्रदान करने, वनाग्नि की घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को देने व सावधानी बरतने की अपील की। गोष्ठी में श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति के अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि वनाग्नि की विभीषिका से बचाव के लिए जनजागरूकता जरूरी है। स्थानीय जनता की सहभागिता के बिना वनाग्नि पर नियंत्रण पाना असंभव है। मंदिर समिति के सचिव रमेश घिल्डियाल ने आश्वस्त किया कि वनाग्नि की घटना होने पर स्थानीय जनता द्वारा वन विभाग का पूरा सहयोग किया जाएगा। गोष्ठी में सतीश चंद्र शर्मा, समिति के संरक्षक अशोक नेगी, डीआर बौंठियाल, प्रकाश हेमदान, सुनील नेगी, विजेंद्र सिंह रावत, राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, प्रेम प्रकाश मंजेडा, हर्षवर्धन नौटियाल, कांता नेगी, अर्चना नेगी, शोभा देवी, शांत कुमार आदि मौजूद रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## कर तो दी सड़क की खोदाई, लेकिन फिर ठीक नहीं कराई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शहर के अलग-अलग वार्डों में पेयजल पाइप लाइन स्थापित करने के लिए खोदी गईं सड़कें दुरुस्त नहीं करने पर कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने रोष व्यक्त किया है। सड़कों को शीघ्र दुरुस्त न करने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सड़कों को दुरुस्त करने के कार्य की गति इतनी धीमी है कि उपजिलाधिकारी को कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी करना पड़ा। उन्होंने कार्यदायी संस्था के ढुलमुल रवैये से आमजन को हो रही परेशानी के लिए सीधे तौर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि शहरवासी लंबे समय से इस विकट समस्या से जूझ रहे हैं और विधायक एवं मेयर को कुछ नजर नहीं आ रहा। चेतावनी दी कि समस्या से आमजन को शीघ्र निजात नहीं दिलाई गई, तो कांग्रेस इसके खिलाफ आंदोलन करेगी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया

## महानगर कांग्रेस ने मनाया महिला दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिम्मलचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह का आरंभ कोटद्वार नगर निगम की निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी आज हर क्षेत्र में बढ़ रही है और समाज को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी ने कहा कि आज महिलाएं पुरूषों के साथ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। ऐसे में महिलाओं को सम्मानित करने से उनके उत्साह में वृद्धि होती है और वे अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करती हैं। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी, प्रदेश महासचिव गीता सिंह, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, हेमचंद पवार और बलबीर सिंह रावत सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्राइवेट स्कूल वैलफेयर सोसायटी ने 46 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नजीबाबाद रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज व सोसाइटी अध्यक्ष अजयपाल सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज ने कहा कि आज का दिन महिलाओं को सम्मानित करने का दिन है। आज के दिन पर महिलाओं द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया जाता है, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। सोसाइटी अध्यक्ष अजयपाल सिंह रावत ने कहा कि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। इसलिए उनके कार्य को भी सराहना मिलनी चाहिए। तत्पश्चात 22 स्कूलों की 46 महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी उपाध्यक्ष रेणुका गुसांई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष करूणेश कुकरेती, सचिव चंद्रशेखर सिंह, वरूण भदूला, गणेश ध्यानी, संगीता कंडारी और दीपक उनियाल सहित सोसाइटी से जुड़े अन्य लोग शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148

## मौला अली की शहादत पर होने वाली मजलिस की तैयारी शुरू



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विश्व विख्यात दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में मौला अली की शहादत पर होने वाली मजलिस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दरगाह पर 10 मार्च की रात्रि 10 बजे ताबूत बरामद किया जायेगा। मजलिस को विश्व विख्यात धर्म गुरु मौलाना शबाब नकवी (प्रशासक) खिताब फरमाएगे। दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में मौला अली अ.स. की शहादत पर देश के कौने कौने से हजारों की संख्या में जायरीन आकर उनकी शहादत पर उन्हें पुरसा देते हैं। इसी कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने दरगाह के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी से मुलाकात कर इस मौके पर होने वाले प्रोग्राम तथा व्यवस्था की जायजा लिया। प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने पार्किंग, बिजली, पानी वा शौचालियों की व्यवस्था को लेकर अपने समस्त कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये। जिससे आने वाले जायरीनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर प्रशासक मौलाना शबाब नकवी के साथ दरगाह प्रबन्धक हुसैन मेहंदी, मौलाना फिरोज हैदर, चौधरी सीरत उरुज, मोमिन रजा, सईद, अब्बास नकवी बुकनाला आदि मौजूद रहे।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन
ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएें:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोंओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएें:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

## INFORMATION

IN SCHOOL RECORD OF MY DAUGHTER, SAYYEDA RUSHDA SHAMIM, MY NAME IS WRONGLY ENTERED AS SAYYAD SHAMIM ANWER.

MY CORRECT NAME IS SYED SHAMIM ANWAR AND MY DAUGHTER'S NAME IS SAYYEDA RUSHDA SHAMIM

SYED SHAMIM ANWAR
S/O SYED MAZHAR AHMAD
R/O MOHOLLA MEHANDI BAG, NAJIBABAD